# वागड़ संदेश

wagadsandesh.com

Title Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-95 सागवाड़ा, शनिवार,4 दिसम्बर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# साले ने जीजा के साथ बनाई थी लूट की योजना, मदद के लिए बांसवाडा की गेंग को बुलाया

## पादरा पेट्रोल पम्प पर लूट करने वाली अंतरराज्जीय गिरोह का खुलासा, सागवाडा पुलिस ने मास्टर माइंड सहित 6 बदमाशों को किया गिरफ्तार, मौज शोक पूरा करने के लिए करते थे वारदातें

**डूंगरपुर।** जिले की सागवाड़ा थाना पुलिस ने 8 दिन पहले पादरा पेट्रोल पम्प पर हुई लूट का खुलासा करते हुए अंतरराज्जीय गिरोह का पर्दाफ़ाश किया है। मामले में पुलिस ने गिरोह के मास्टर माइंड सहित 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरोह अपने मौज शोक पूरा करने के लिए लूट की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। इधर बदमाशों ने पहले आसपुर में एक ज्वेलरी की दुकान पर लूट की योजना बनाई थी लेकिन उपयुक्त समय नहीं मिलने पर बदमाशों ने उसी दिन पादरा पेट्रोल पम्प पर वारदात को अंजाम दिया था।

सागवाडा थाने के सीआई सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया की 27 नवम्बर को राकेश कटारा निवासी बोरखेड ने थाने में आकर रिपोर्ट दी थी की 26 नवम्बर की रात को पादरा पेट्रोल पम्प पर करीब 11 बजे पेट्रोल पम्प बंद करके वह उसका साथी रूपचंद, शांतिलाल तीनो सो गए थे वही पास के कमरे में महेंद्र नाम का कार्मिक सो गया था।

देर रात करीब डेढ़ व दो बजे के बीच ऑफिस में कांच फूटने की आवाज आई जिस पर हम चारो की आंख खुली और




खड़े होकर देखा की कुछ लड़के जिनके हाथो में सरिये, लठ, व तलवार थी और कांच तोड़कर ऑफिस में घुस गए। बदमाशो ने चारो से कैश के बारे में पूछा और मना करने पर सभी के साथ मारपीट की वही ऑफिस के कंप्यूटर, राउटर, डीवीआर बोक्स को तोड़ दिया और ऑफिस काउन्टर को तोड़कर उसमे रखी 24 हजार 420 की राशी , राकेश का पर्स जिसमे 3800 रुपए, एटीएम कार्ड व एक पल्सर बाइक और डीवीआर लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की। पुलिस ने साइबर सेल की मदद लेते हुए बदमाशो की तलाश शुरू की। इधर पुलिस ने जाँच के दौरान संदेह होने पर डूंगरपुर जिले के भीमदड़ी निवासी राजू उर्फ़ राजमल डामोर, रतनागिरी निवासी रमण ननोमा, बांसवाडा जिले के गणपतपूरा निवासी गोविन्द पारगी, अमरपुरा निवासी राहुल डोडियार, घामनिया निवासी कालू मकवाना और भचडिया कुपडा निवासी लक्ष्मण कटारा को हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियो के साथ उक्त वारदात को करना कबूल किया। जिस पर पुलिस ने सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। वही शेष दो आरोपी अभी फरार है।

सागवाडा सीआई सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया की गेंग का मास्टर माइंड राजू उर्फ़ राजमल डामोर व रमण ननोमा आपस में साला-जीजा है। राजू ने अपने जीजा रमण के साथ मिलकर 26 नवम्बर को पहले आसपुर कस्बे की एक ज्वेलरी शॉप को लूटने की योजना बनाई और उसमे में मदद के लिए बांसवाडा के भचडिया कुपडा निवासी लक्ष्मण कटारा की गेंग को भीमदड़ी अपने गांव बुलाया। लेकिन समय उपयुक्त नहीं मिलने पर ज्वेलरी शॉप की लूट की योजना सफल नहीं हो पाई फिर इसके बाद बदमाशो ने पादरा स्थित केप्टन पेट्रोल पम्प पर लूट की योजना बनाई और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

# कोरोना- ओमिक्रोन जिनोम जांच के लिए पूना लैब में सेंपल भेजे

*** मोहम्मदी कॉलोनी में मां व बेटे सहित 3 लोगो के कोरोना पॉजिटिव आने के बाद गलियाकोट एसडीएम ने कॉलोनी में कर्फ्यू * 350 घरों की सर्वे की है, जिसमें 10 लोगों में सर्दी-जुकाम, खांसी जैसी शिकायत**

**गलियोकोट।** डूंगरपुर जिले के गलियाकोट की मोहम्मदी कॉलोनी में मां व बेटे सहित 3 लोगो के कोरोना पॉजिटिव आने के बाद गलियाकोट एसडीएम ने कॉलोनी में कर्फ्यू लगा दिया है। कॉलोनी के आसपास के इलाके में बेरिकेटिंग कर पुलिस तैनात कर दी गई है। कर्फ्यू की वजह से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव की दुकानें और लोगों की आवाजाही बंद है। वही सूरत से लौटी कोरोना संक्रमित महिला के सेम्पल स्वास्थ्य विभाग ने ओमिक्रोन जिनोम जांच के लिए पूना लैब में भेजे है। इसकी रिपोर्ट 10 दिन बाद आएगी। गलियाकोट सीएचसी के डॉ जाखड़ ने बताया कि कोरोना संक्रमित युवक ओर महिला दोनों घरों पर होम आइसोलेट है। दोनों के सर्दी-जुकाम की तकलीफ है और उन्हें दवाइयां दे दी गई है। पहली बार पॉजिटिव आई महिला के ओमिक्रोन सैंपल की रिपोर्ट आने



के बाद ही जरूरत के अनुसार इनके जिनोम सैंपल भी लेकर भेजे जाएंगे। डॉ जाखड़ ने बताया कि गलियाकोट कस्बे में 1 एएनएम और एक आशा सहयोगिनी की 5 टीमें लगाकर रोजाना सर्वे की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमो ने अब तक 350 घरों की सर्वे की है, जिसमे 10 लोगों में सर्दी-जुकाम, खांसी जैसी शिकायत थी और उन्हें दवाइया दे दी है। इन लोगों में 2 पॉजिटिव आये, जबकि दूसरे सभी नेगेटिव आये है। डॉ जाखड़ ने बताया कि 5 दिन बाद एक बार फिर गलियाकोट कस्बे में बड़े पैमाने पर सर्वे करवाई जाएगी। इधर क्षेत्र में लगे कर्फ्यू की पालना के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है और कर्फ्यू की पालना करवाई जा रही है।

# गहलोत सरकार के खिलाफ बीजेपी ने जारी किया ब्लैक पेपर

**जयपुर।** बीजेपी ने प्रदेश कांग्रेस सरकार के खिलाफ ब्लैक पेपर जारी किया है। बीजेपी कार्यसमिति की बैठक के पहले दिन शनिवार को राजनीतिक प्रस्ताव और ब्लैक पेपर जारी किए गए। ब्लैक पेपर का टाइटल 'राजस्थान की झूठी कांग्रेस सरकार के काले 3 साल- ये है आज का राजस्थान दिया गया है। प्रदेश में बेतहाशा बढ़ते अपराध, रेप, बेरोजगारी,ठप विकास, युवा और किसानों से धोखा, मंत्री-नेताओं का अपने रिश्तेदारों को मौका, बिजली-पानी में लूट और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे भी इस ब्लैक पेपर में शामिल किए गए हैं। दूसरी तरफ केन्द्र की मोदी सरकार के विकास के कामों और उपलब्धियों को लेकर भी राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया है। ब्लैक पेपर और




राजनीतिक प्रस्ताव दोनों को लेकर अब बीजेपी जनता के बीच जाएगी। साथ ही राज्य की कांग्रेस सरकार के खिलाफ जयपुर में जन आक्रोश रैली करेगी।उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने प्रेसवार्ता कर कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार 17 दिसम्बर को अपने 3 साल का जश्न मनाने जा रही है। प्रदेश में जर्जर अर्थव्यवस्था, ठहरा हुआ विकास, लचर कानून व्यवस्था, लूट और झूठ की सरकार, सरकार में अंदरूनी कलह, लोगों को गुमराह करने, 6 सलाहकारों की नियुक्ति,महिला-दलितों पर अत्याचार, रेप, भ्रष्टाचार का तांडव, मुख्यमंत्री के सामने शिक्षकों ने कहा कि तबादलों में हमने पैसा दिया। महंगी बिजली खरीदने जैसे मुद्दों को लेकर प्रदेश कांग्रेस सरकार को बीजेपी सड़कों पर उतरकर घेरेगी।

# प्रभारी मंत्री भाटी रविवार को डूंगरपुर बांसवाड़ा दौरे पर


**सागवाड़ा।** बांसवाड़ा और डूंगरपुर प्रभारी मंत्री के रूप में उर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी रविवार को दो दिवसीय दौरे पर बांसवाड़ा आएंगे। भाटी रविवार सुबह उदयपुर से डूंगरपुर जाकर कांग्रेस कार्यालय में 12 दिसम्बर को जयपुर में आयोजित महंगाई हटाओ महारैली की तैयारियों को लेकर चर्चा करेंगे। इसके बाद भाटी चार बजे बांसवाड़ा आएंगे एवं कांग्रेस कार्यालय में महारैली को लेकर तैयारियों का जायजा लेंगे। भाटी रात्रि विश्राम बांसवाड़ा में करेंगे एवं इसके बाद सोमवार सुबह वह प्रशासन शहरों के संग और प्रशासन गांवों के संग अभियान में शामिल होंगे तथा दोपहर एक बजे जयपुर के लिए रवाना हो जाएंगे।

# मानवता की हदे पार, जील अस्पताल में मृतक की अंगुलियों से कार्मिको ने चुराई अंगुठियां

## पुलिस को रिपोर्ट देने पर लौटाई, परिजनों के हंगामे के बाद पुलिस ने जांच की

**डूंगरपुर।** जिले के सागवाडा थाना क्षेत्र के जील हॉस्पिटल में ईलाज करवाने आए व्यक्ति की मौत के बाद अस्पताल के कार्मिको द्वारा दो सोने की अंगूठी चुराने का मामला सामने आया है। मामला जब पुलिस तक पहुंचा तो आरोपी कार्मिकों ने दोनों अंगूठी लौटाई। वही एसडीएम कोर्ट ने दोनों को पाबंद किया है। सागवाडा थाने के सीआई सुरेंद्र सोलंकी ने बताया कि सरोदा निवासी महेंद्र कोठारी को तबियत बिगड़ने पर परिजन सागवाडा के जील हॉस्पिटल लेकर आये थे जहां पर वार्ड में चेकअप के बाद डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया था उस समय महेंद्र कोठारी की अंगुलियों में दो अंगूठियां थी। लेकिन जब परिजन शव को ले जाने लगे तो देखा कि मृतक की अंगुलियों के दोनों अंगूठी नही थी। जिस पर परिजनों ने हंगामा किया । जब मामला अस्पताल प्रबंधन के पास पहुंचा तो अस्पताल प्रबंधन ने मामले की रिपोर्ट सागवाड़ा थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की ओर उस दौरान मौजूद स्टाफ से पूछताछ की गई तो सामने आया कि अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ रमेश पिता लक्ष्मण मीणा निवासी भैंसरा छोटा व सफाईकर्मी रिनिता पत्नी राजेश डेण्डोर निवासी मडकोला ने चुराई है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से अंगुठियां भी बरामद की। जिस पर पुलिस ने दोनों अंगुठियों को मृतक के परिजनों को दोनो अंगुठियां लौटाई। वही दोनो स्टाफ को पुलिस ने धारा 107 व 117 में मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया। इधर गिरफ्तारी के बाद सागवाडा थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को सागवाडा एसडीएम के समक्ष पेश किया जहां से कोर्ट ने दोनों आरोपियों को पाबंद किया है।

# राजस्थान में कोरोना के 26 नए केस आए, जयपुर में 2 स्कूली बच्चे संक्रमित, बीकानेर में सबसे ज्यादा संक्रमित



**जयपुर।** प्रदेश में 24 घंटे में पूरे राज्य में 26 नए केस मिले है। जिसमें सबसे ज्यादा आज बीकानेर में 10 मरीज है। जयपुर में आज 2 स्कूली बच्चे समेत कुल 9 नए मरीज मिले हैं। वहीं, डूंगरपुर में 2 केस मिलने के बाद कलेक्टर ने गलियाकोट में कंटेनमेंट जोन बना दिया है। जयपुर सीएमएचओ डॉ. नरोत्तम शर्मा ने बताया कि जयपुर के सोडाला में सबसे ज्यादा तीन केस मिले हैं। वहीं, जगतपुरा में 2 और खो-नागोरियान, लालकोठी और वैशाली नगर में एक-एक केस मिले हैं। उन्होंने बताया कि आज दो स्कूली बच्चे भी पॉजिटिव मिले हैं। हालांकि दोनों बच्चे घर पर ही ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे थे।

बच्चों के पिता संक्रमित हुए थे। जांच में दोनों बच्चे भी पॉजिटिव निकले। तीनों में कोरोना के गंभीर लक्षण नहीं है। बीकानेर में 10 केस मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। बीकानेर के अलावा बाड़मेर में 2 और झुंझुनूं, पाली, उदयपुर में एक-एक केस मिला है। प्रदेश में आज 27 मरीज रिकवर हुए है, जिसके बाद एक्टिव केसों की संख्या कम होकर 213 हो गई।

# पत्नी ने रक्तदान कर मनाया पति का जन्मदिन

**सागवाड़ा।** रक्तदान महज़ एक सेवा का नाम नही इंसानियत को जगाने वाला प्रमुख कार्य बन चुका है।अब नई पहल ये हो रही है कि आमजन खुशियों के पलों को रक्तदान कर मना रहा है। ओड़वाड़ा निवासी सपना फाउंडेशन सदस्या प्रियंका यादव द्वारा 40 किमी दूर से आकर पति भूपेंद्र यादव के जन्मदिन को रक्तदान कर मनाया।

भारतीय स्त्रियां सदैव हर कार्य मे अग्रणी रही है अब वागड़ में भी नारीशक्ति द्वारा जिस तरह से रक्तदान महादान अभियान में कदम से कदम मिलाकर साथ निभाया जा रहा है वो वागड़ के लिए सुखद सन्देश है।

प्रियंका ने बताया कि जीवन मे इससे बड़ा सेलिब्रेशन हमारे लिए क्या होगा कि हमारे रक्त से किसी को नया जीवन मिलेगा।




# परिवार के साथ 100 दिन रह सकेंगे जवान :अमित शाह

## सभी अस्पतालों में होगा कैशलेस इलाज, परिवार के लोगों को मिलेगा हेल्थ कार्ड

**जयपुर।** गृहमंत्री अमित शाह ने जवानों को दो बड़ी सौगात दी है। अपने जैसलमेर दौरे पर कहा कि क्चस्स्न सहित अर्धसैनिक बलों के जवान अब परिवार के साथ 100 दिन रह पाएंगे। गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को रोहतास चौकी पहुंचे। यहां सैनिक सम्मेलन में कहा कि जवान एक साल में 100 दिन अपने परिवार के साथ रह पाए, इसकी भी व्यवस्था हम कर रहे हैं। उन्होंने हेल्थ कार्ड की भी सौगात दी है। शाह बोले कि भी जवानों का कैशलेस इलाज होगा। इसके लिए फरवरी महीने तक करीब 25 लाख कार्ड जारी किए जाएंगे। इसके तहत जवान अपने परिवार के लोगों का निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। उन्होंने सैनिक सम्मेलन में तनोट माता मंदिर के चमत्कार का भी जिक्र किया। जवानों को संबोधित करते हुए



बोले कि आज मैं यहां आप लोगों के बीच में भारत-पाकिस्तान सीमा पर एक रात रहने आया हूं। दरअसल, यह एक प्रयास है।

आपकी कठिनाई भरी जिंदगी को समझ कर, उन कठिनाइयों को हम कैसे कम कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि बीएसएफ को अब तक साढ़े चार लाख हेल्थ कार्ड दे चुके हैं। फरवरी तक सभी के परिवार सदस्यों तक यह कार्ड पहुंच जाएंगे।इससे पूर्व गृहमंत्री अमित शाह शनिवार दोपहर 3-30 बजे तनोट माता मंदिर से दर्शन किए। शाम 5 बजे वह रोहतास बॉर्डर पहुंचे। यहां से वह मोर्चा नंबर तीन पर सनसेट देखने निकले। भारत-पाकिस्तान सीमा पर तारबंदी पर पहुंचे। यहां उन्होंने तारबंदी के साथ शिफ्टिंग सेंड्यूज की जानकारी ली। इसके बाद वे यहां से सैनिक सम्मेलन में पहुंचे। यहां सेना के जवानों से मुलाकात करेंगे। रात्रि विश्राम वे रोहतास बॉर्डर पोस्ट पर बिताएंगे। उनके साथ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद है।

# 2 साल पहले डूंगरपुर में लॉ कॉलेज की घोषणा, बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता नहीं

## मान्यता नहीं मिलने के चलते अब तक कॉलेज शुरू नहीं हो सका है

**डूंगरपुर।** जिले में कानूनी शिक्षा की चाह रखने वाले डूंगरपुर समेत आदिवासी क्षेत्र के विद्यार्थियों का इंतजार बढ़ता जा रहा है। 2 साल पहले डूंगरपुर में लॉ कॉलेज की घोषणा के बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता नहीं मिलने के चलते अब तक कॉलेज शुरू नहीं हो सका है। आदिवासी इलाके में वकालत की पढ़ाई को लेकर युवाओं की दिलचस्पी को देखते हुए राज्य सरकार ने 2019 के बजट घोषणा में डूंगरपुर में लॉ कॉलेज की घोषणा की थी ।इसके बाद सरकार ने प्रदेश के सभी 6 लॉ कॉलेज के साथ डूंगरपुर लॉ कॉलेज के लिए 6 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दे दी। वहीं लॉ कॉलेज संचालन की जिम्मेदारी डूंगरपुर के एसबीपी कॉलेज को दी गई। इस पर एसबीपी कॉलेज प्रबंधन ने कॉलेज चलाने के लिए वैकल्पिक भवन भी देख लिया। लेकिन इसके बाद लॉ कॉलेज की मान्यता को लेकर बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने कॉलेज की मंजूरी नहीं दी और यहीं कॉलेज अटक गया। इसके बाद से अब तक कॉलेज शुरू नहीं हो सका है। ऐसी स्थिति में लॉ की पढ़ाई की चाह रखने वाले विद्यार्थियों को बार काउंसिल की मान्यता के साथ ही कॉलेज खुलने का इंतजार करना पड़ेगा।

# डूंगरपुर में स्वच्छता सिपाही सम्मान समारोह हुआ

**डूंगरपुर।** शहर के राष्ट्रीय स्वछता सर्वेक्षण 2021 में सिरमौर रहने पर डूंगरपुर नगरपरिषद की ओर से शहर के विजयाराजे सिन्ध्या ऑडिटोरियम में स्वच्छता सिपाही सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

समारोह में शहर की स्वच्छता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नगरपरिषद के सफाईकर्मियों सहित 400 स्वच्छता सिपाहियों का सम्मान किया गया। जिला अस्पताल के पास स्थित विजयाराजे सिन्ध्या ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में नगरपरिषद के सभापित अमृतलाल कलासुआ, एएसपी अनिल मीणा व आयुक्त नरपतसिंह राजपुरोहित सहित स्वच्छता सिपाही व शहर के गणमान्य लोगो ने भाग लिया। अतिथियों ने डूंगरपुर शहर को साफ़-सुथरा व स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय मानचित्र पर लाने वाले नगरपरिषद के सफाईकर्मी, विभिन्न समाजो के अध्यक्षों और एनजीओ के प्रतिनिधियो का सम्मान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए एएसपी अनिल मीणा ने कहा की डूंगरपुर नगरपरिषद के सफाईकर्मी ही स्वच्छता के सच्चे सिपाही है। इन स्वच्छता के सिपाहियों ने दिन देखी न रात देखी और अपनी जिम्मेदारी का बड़ी ही ईमानदारी से निर्वहन करते हुए डूंगरपुर शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में नम्बर वन लेकर आये।

इधर इस मौके पर नगर परिषद के आयुक्त नरपतसिंह ने आगामी स्वछता सर्वेक्षण 2022 के शहरवासियों से सहयोग की अपील की। इधर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष गुरुप्रसाद ने कहा कि डूंगरपुर के लगातार 3 साल से सर्वेक्षण में सिरमौर रहने के पीछे पूर्व सभापति केके गुप्ता और उनके पार्षदों की टीम की बड़ी भूमिका है। जो प्रयास गुप्ता ने 3 साल पहले शुरू किये थे उनकी वजह से डूंगरपुर प्रदेश के साथ साथ देश मे मुकाम बनाने में सफल हुआ। इस मौके पर सभापति अमृतलाल कलासुआ ने कहा की डूंगरपुर नगरपरिषद ने प्रदेश व देश में स्वच्छता के रूप अलग ही पहचान बनाई है और ये सब कुछ शहर की जागरूक जनता व परिषद के सफाईकर्मियों की मेहनत से हो पाया है।